तापमान

अधिकतम 15.7 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023

12 लापरवाही बरतने पर क्लर्क को फटकार



12 टोडर मल हवेली के जीर्णोद्धार की मांग



## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**शाहबाद।** लाडवा रोड चौक पर एक ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई है। ट्रक ड्राइवर भीड़ एकत्रित होता देख मौके से फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने ट्रक के शीशे तोड़ दिए। महिला जरनेलो देवी शाहबाद में किसी काम से आई थी जब वह दोपहर को लाडवा रोड पर सड़क पार कर रही थी तो ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे जरनेलो देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

### धमकी देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी शुभम कुमार, सौरभ, साहिल कुमार व संदीप सिंह उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार कियाहै। गांव मंडौर के सुनील कुमार ने 17 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### दुराचार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज महिला दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पीड़ित महिला ने 23 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 मई 2018 से 23 दिसंबर 2023 के दौरान आरोपी जितेंद्र ने उससे दुराचार करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### पटाखे रखने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज बिना लाइसेंस वस्फिोटक सामग्री पटाखे रखने के मामले में आरोपी सुशील कुमार उर्फ बब्लू को गिरफ्तार किया है। 25 दिसंबर 2023 को निशांत बाग एरिया में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार उर्फ बब्लू को बिना लाइसेंस पटाखे इत्यादि रखने के मामले में काबू किया था। इसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### इग्नू में 31 जनवरी तक ले सकते हैं दाखिला

**करनाल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्म पाल ने बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डस्टिंस लर्निंग के लिए भारत की सबसे प्रसद्धि व प्रख्यात केंद्रीय वश्विवद्यालय है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त वश्विवद्यालय (इग्नू)। इग्नू में दाखिले के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते हैं।

### सड़कों पर रेंगते हुए चले वाहन, न्यूनतम पारा गिरा

# शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठुरे

- दोपहर को सूर्यदेव के दर्शन होने से लोगों को ठंड से मिली राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बर्फबारी की वजह से जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। बुधवार को भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने के साथ दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे। जिससे मौसम में हाड़तोड़ ठंड़ ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। बुधवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर 11 बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर दो बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।




**यमुनानगर।** सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकपी

बुधवार को मौसम में ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### स्कूल जाने वाले छात्र परेशान



**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को सुबह पड़ी धुंध ने वाहनों की रफ्तार धीमी कर दी। धुंध के कारण नेशनल हाईवे व शहर में वाहन रेंग-रेंग कर चलते दिखाई दिए। सुबह जैसे ही लोग नींद से जागे तो उन्हें बाहर धुंध का सामना करना पड़ा। करीब 9 बजे तक आसमान में रही धुंध के कारण बच्चों को भी स्कूल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। धुंध और ठंडी हवाओं के झोंकों ने आमजन को झकझोर कर रख दिया। ठंडी हवाओं के कारण बच्चे कंपकंपाते हुए स्कूल पहुंचे। धुंध के साथ चली बर्फीली हवा से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। ठंडी बर्फीली हवाओं के चलते खासकर दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 9 बजे के बाद सूर्यदेव के दर्शन देने के बाद ही लोगों ने चैन की सांस ली। ठंड के कारण ग्रामीण इलाकों में लोगों को मवेशियों के लिए चारा करने के लिए भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि ठंड व धुंध के कारण चारा गीला होने की वजह से चारे की कटाई में दिक्कत आ रही हैं। गृहणियों को भी अपना घर का कार्य निपटाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

# सेना की भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल करता एक काबू

- आरोपी युवक को चार दिन के रिमांड पर लिया
- अब तक 20 आरोपियों को पकड़ चुकी है पुलिस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

आर्मी की ग्रुप सी भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए नकल करवाने के आरोप में पुलिस ने एक और आरोपी को काबू किया है। अब तक पुलिस इस मामले में 20 आरोपियों को काबू कर चुकी है। अब पकड़ा गया आरोपी अन्य परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। आरोपी की पहचान जींद के छातर गांव के वीरेंद्र उर्फ मोटा के तौर पर हुई है। आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया है। दरअसल अंबाला छावनी के खड़गा खेल स्टेडियम में सेना की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान ही सेना अधिकारियों ने इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए नकल करते हुए 17 परीक्षार्थियों को काबू किया था। पुलिस ने ज्यादातर आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रोनिक डिवाइस जब्त की थी। जींद से बैठकर ही मास्टरमाइंड सुशील कुमार आरोपियों को इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के जरिए प्रश्न हल कर रहा था। शुरूआत में सेना ने 17 आरोपियों को काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया था।



**अंबाला।** सेना की भर्ती परीक्षा में नकल करवाने के आरोप में पकड़ा गया आरोपी युवक।

इसके बाद पुलिस ने सेना से रिटायर गिरोह के मास्टरमाइंड सुशील कुमार को काबू कर लिया। पुलिस आरोपी सुशील कुमार से गहन पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस अभी तक आरोपी चैब सिंह, संदीप, सचिन कुमार, सोनू, मंदीप, साहिल, कर्ण, सांग सिंह, ऋषिकेश सिंह, सागर, अंकुश, अमन, मनोज, निखिल, अमित, रोबिन व अमन व सुशील समेत 20 आरोपियों को काबू कर चुकी है।

### गुरुकुल के दो खिलाड़ियों का नेशनल चैंपियनशिप में चयन



**कुरुक्षेत्र।** चयनित विद्यार्थियों को बधाईदेते गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के दो खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के बल पर नेशनल चैम्पियनशिप में जगह बनाई है। ये खिलाड़ी फरवरी में गुजरात में होने वाली चैम्पियनशिप में कुरुक्षेत्र जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गुरुकुल में उत्साह का माहौल है। प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने चयनित खिलाडियों सहित एथलेटिक्स कोच रणदीप कुण्डू को इसके लिए विशेष बधाई दी है। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला एथलेटिक्स एसो. कुरुक्षेत्र द्वारा श्री जयराम शिक्षण संस्थान, लोहारा माजरा में डिस्ट्रीक जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023-24 का आयोजन किया गया जिसमें गुरुकुल के खिलाड़ियों ने 2 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल के साथ नेशनल चैम्पियनशिप हेतु चयनित हुए। एथलेटिक्स कोच रणदीप कुण्डू के नेतृत्व में मनीष ने 600 मीटर दौड़ में गोल्ड और लोंग जम्प में सिल्वर मेडल हासिल किया, वहीं वैभव चौधरी ने ट्रेथ लॉन-बी में गोल्ड तथा मोहित ने ट्रेथ लॉन-सी में सिल्वर मेडल जीतकर गुरुकुल का मान बढ़ाया। इनमें से मनीष और वैभव चैधरी का चयन आगामी चैम्पियनशिप हेतु हुआ है।

# सीएम सिटी में गरजे पैक्स कर्मचारी, प्रदर्शन किया

- पुलिस बल ने बेरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को सीएम हाउस की तरफ बढ़ने से रोका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेशभर के हजारों कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में सीएम आवास का घेराव किया। कर्ण पार्क से प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी सीएम आवास की ओर निकल पड़े। सीएम आवास से कुछ दूरी पर बेरिकेडिंग कर पुलिस ने कर्मचारियों को आगे बढने से रोक लिया। जिसके बाद कर्मचारी सडक़ पर बैठ गए और नारेबाजी कर सरकार को कोसते रहे। सीएम आवास से पहुंचे एक प्रतिनिधि को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

### चार जनवरी को सीएम से मुलाकात का आश्वासन

इस प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि महासंघ के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात चार जनवरी को मुख्यमंत्री से करवाई जाएगी। इस बीच महासंघ के नेताओं ने कहा कि पैक्स कर्मचारियों की हड़ताल 19 दिसंबर से चल रही है और यह आठ जनवरी तक जारी रहेगी। अगर चार जनवरी को सीएम के साथ वार्ता विफल हुई और तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सातवें वेतनमान व बैंक में पदोन्नति को लेकर 2019 में जो घोषणा की थी, उसका नोटिफिकेशन आज तक जारी नहीं किया गया। बीती 19 दिसंबर से पैक्स कर्मचारी हड़ताल पर हैं, इसके बावजूद सरकार ने सुनवाई नहीं की। कर्मचारियों की अगुवाई रमेश कैथल, रणधीर, कुलदीप राणा व करनाल जिला प्रधान जसबीर सिंह प्योंत ने की। इस मौके पर राज्य नेता कुलदीप राणा, जिला प्रधान जसबीर सिंह प्योंत, सुलतान, जयपाल, देवेंद्र, जसबीर, रिशिपाल, सुनील, अनूप, सुभाष नांदल, अनूप कुंडु, इसराइल खान, नरदेव, पवन चौहान ने कर्मचारियों को संबोधित किया। सर्व कर्मचारी संघ की ओर से प्रधान सुशील गुर्जर, सचिव सेवाराम, धीरज रावत, कृष्ण शर्मा व ओमप्रकाश समर्थन देने पहुंचे।



**करनाल।** अपनी मांगों को लेकर पैक्स कर्मचारी प्रदर्शन के दौरान बेरिकेट हटाने का प्रयास करते हुए।

### ये हैं प्रमुख मांगें

पूर्व में रहे रजिस्ट्रार जगदीप द्वारा सातवें वेतनमान की रिपोर्ट को लागू किया जाए। बैंक में पदोन्नति का 10 प्रतिशत कोटे में रही विसंगतियों व पेपर की शर्त को हटाया जाए। पैक्स कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 60-62 वर्ष किया जाए। ग्रेजुएटी हरियाणा सरकार के सेवा नियम अनुसार की जाए। किसानों को केसीसी तीन लाख की जाए।

### न कॉल आई, न ओटीपी शेयर हुआ, स्टेशन मास्टर के खाते से 99 हजार रुपये साफ

**अंबाला।** अंबाला छावनी के स्टेशन मास्टर के साथ फ्रॉड हो गया। मजे की बात है कि उनके पास न कोई कॉल आई न कोई लिंक पर क्लिक किया। न ही किसी को ओटीपी शेयर किया गया। इसके बावजूद उनके खाते से 99 हजार रुपए साफ हो गए। एसबीआई साइबर सेल की तरफ से उनके पास कॉल आई तो उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। स्टेशन मास्टर की शिकायत पर अब राजकीय रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्टेशन मास्टर गौरी शंकर कुमार ने बताया कि 15 दिसंबर को वह 6-12 बजे तक पॉवर केबिन में ड्यूटी पर था।

उस दौरान करीब 11.40 से 11.47 बजे तक उसके खाते से 4-5 बार ट्रांजेक्शन हुई। पहली बारी में 50 हजार, दूसरी बारी में 40, तीसरी बारी में 8 और पांचवी बारी में एक हजार रुपए खाते से साफ हो गए। स्टेशन मास्टर ने बताया कि उसने 15 दिसंबर को अपने मोबाइल से रिचार्ज किया था। उसके बाद वह अपनी ड्यूटी पर व्यस्त होने की वजह से मोबाइल फोन को देख नहीं सका। वह ट्रेन की मूवमेंट में बिजी था। जब वह ड्यूटी से वापस घर लौटा तो उसके पास एसबीआई साइबर सैल जयपुर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि आपके खाते से 50 हजार रुपए ट्रांसफर हुए हैं। तब उसे फ्रॉड के बारे में पता चला। उसने तुरंत संबंधित बैंक में कॉल करके फ्रॉड की सूचना दी और साथ ही ऑनलाइन क्राइम साइबर 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराई।

### सीएम फ्लाइंग ने उद्यान विभाग में की रेड, रिकॉर्ड में मिली गड़बड़ी

- रिकॉर्ड अपने साथ ले गई टीम जांच के बाद होगी कार्रवाई

**अंबाला।** सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को जिला उद्यान विभाग में रेड की। जांच टीम ने यहां काफी रिकॉर्ड भी जांच के लिए कब्जे में लिया है। काफी समय से सीएम फ्लाइंग को विभाग में बड़े स्तर पर गड़बड़ी होने की शिकायतें मिल रही थी। रेड के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। कई कर्मचारी भी जांच के दौरान गैरहाजिर पाए गए। अब पूरे मामले की रिपोर्ट सीएम ऑफिस भेजने की बात कही जा रही है। दरअसल बुधवार सुबह ही सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर हितेंद्र शर्मा पूरी टीम के साथ जिला उद्धान विभाग पहुंचे थे। यहां पहुंचते ही जांच टीम ने कर्मचारियों को हाजिरी रजिस्टर सौंपने के आदेश दिए। जांच के दौरान रजिस्टर में पता चला कि कई कर्मचारी तय समय पर ऑफिस नहीं पहुंचे। इसी वजह से उन्हें गैर हाजिर बताया जा रहा है। इसके बाद जांच टीम ने विभाग की कार्रवाई से जुड़ा रिकॉर्ड भी मांगा। शुरूआती जांच में इस रिकॉर्ड में टीम को गंभीर गड़बड़ी मिली। इसी वजह से टीम इस रिकॉर्ड को जांच के लिए अपने साथ ले गई। जांच अधिकारी हितेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी रिकॉर्ड की जांच हो रही है। जल्द ही पूरे विभाग की गड़बड़ी सामने आ जाएगी। इसके बाद ही कार्रवाई तय होगी।

### सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा 30 व 31 दिसंबर को

**कुरुक्षेत्र।** जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप सी के पदों के लिए सामान्य पात्रता परीक्षाओं का आयोजन क्रमश: 30 व 31 दिसंबर 2023 को कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। यह परीक्षाएं सुबह के सत्र में सुबह 10.15 मिनट से दोपहर 12 बजे और सायं के सत्र में 3.15 मिनट से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जारी आदेशों में कहा है कि परीक्षा के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षाओं का सुचारू रूप से संचालन करवाने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए है। यह आदेश 30 व 31 दिसंबर 2023 को सुबह 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक जारी रहेंगे। इस समय अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का हथियार, मोबाईल फोन, वाई-फाई यंत्र ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इतना ही नहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की मशीन भी बंद रखी जाएगी। इन आदेशों की अवहेलना करने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने परीक्षाओं को नकल रहित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक थानेसर सुरेंद्र पाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

+ पोजीट्रॉन
सिटी ओ.पी.डी.

सुविधाएं
- ECG
- X-RAY
- लैब टेस्टो पर 20% की छूट
- दवाइयों पर 5% की छूट

(वैधता केवल सिटी. ओ.पी.डी. में)

फ्री ओ.पी.डी.
फ्री ओ.पी.डी.

आयुष्मान भारत, ECHS,
हरियाणा सरकार एवं सभी TPA पैनल पर

मेडिसिन विभाग
डॉ.वी.के. कत्याल
MD, FACC (US), FCSI, FICP, FIAE, FIACM
Sr. Consultant : Medicine & Cardiology
MEDICAL DIRECTOR
Formerly : Sr. Professor & Head, Deptt. of Medicine, PGIMS, Rohtak
समय : सोमवार से शनिवार 9 बजे से 2 बजे तक



पेट, आंत व लीवर विभाग
डॉ. ईशा पाहुजा
MBBS, MD Medicine (Gold Medalist) (PGIMS, Rohtak)
DrNB Medical Gastroenterology & Hepatology
(BLK-Max, New Delhi)



स्त्री रोग विभाग
डॉ. अर्चना सुनेजा
MBBS, DGO, DNB
Consultant : OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak



स्थान- 381/16 हुड्डा कॉम्पलैक्स, आर्य नगर पुलिस स्टेशन के सामने, रोहतक
85710 81700, 01262-663004

## खबर संक्षेप



### साहिबजादों के बलिदान दिवस पर प्रसाद वितरित

**रादौर।** कस्बे के कस्तूरबा गांधी आश्रम चौक पर बुधवार को स्थानीय लोगों की ओर से चार साहिबजादों के बलिदान दिवस के अवसर पर हलवे का प्रशाद वितरित किया गया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने हलवे का प्रशाद ग्रहण किया। सेवादार कुलविंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि गुरू गोबिंद सिंह सिखों के 10वें गुरू थे। खालसा पंथ की स्थापना इन्होंने ही की थी। गुरू गोबिंद सिंह ने सिख धर्म को बचाने के लिए अपने व अपने परिवार के प्राण न्योछावर कर दिए थे। बाबा अजीत सिंह ने मुगलों को हराया था।

### बाइक सवार युवकों ने महिला से छीना पर्स

**यमुनानगर।** शहर के फव्वारा चौक के पास बाइक सवार युवकों ने महिला से पर्स छीन लिया। पर्स में तीन हजार रुपये व मोबाइल था। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी शीला अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंगलवार शाम को बाजार में किसी काम से गई थी। जब वह वापस घर लौट रही थी तो शहर के फव्वारा चौक के पास बाइक सवार युवकों ने उसके हाथ से पर्स झपट लिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए।

### चोरी की बाइक बेचने जा रहे दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** पुलिस ने बहरामपुर चौक के पास से चोरी की बाइक को यूपी बेचने जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सिपाही रविंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए पुराना सहारनपुर रोड से यूपी जाएगें। पुलिस टीम ने बहरामपुर चौक के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। आरोपी युवक बाइक को पीछे की तरफ मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें काबू कर लिया।

### भाजपा सरकार में तेजी से हो रहे विकास कार्य

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण हलके से विधायक महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा एवं मेयर नगर निगम अवनीत कौर ने पानीपत बरसत रोड के पुनः निर्माण का नारियल तोडकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम बरसत रोड स्थित भीम सचदेवा की फैक्टरी के सामने किया गया। यह रोड 3 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। हरपाल ढांडा ने कहा कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की कोई भी गली व सडक टूटी-फूटी नहीं रहेगी। चारों तरफ विकास का कार्य चल रहे हैं।

*श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत*

# ट्विन सिटी में धूमधाम से निकाली पूजित अक्षत शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने गगनभेदी आवाज में लगाए जय श्रीराम के जयकारे

- 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम का होगा राजतिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अभियान के तहत शहर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत (पीले चावल) की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर वातावरण को श्रीराममय बना दिया। पूजित अक्षत शोभायात्रा शहर की मॉडल कॉलोनी के बजरंग भवन से अभियान के नगर संयोजक राजन बजाज के नेतृत्व में निकाली गई। बजरंग भवन से शुरू होकर शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई रामजी की कुटिया, आजाद नगर, त्रिमूर्ति भवन, नीलकंठ मंदिर, भाटिया नगर में लक्ष्मी नारायण मंदिर व विभिन्न मंदिरों से होती हुई वापस बजरंग भवन पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान यजमान सिर पर पूजित अक्षत से भरा कलश रखकर चल रहे थे। शहरवासियों ने पूजित अक्षत शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। यात्रा में काफी संख्या में पुरुषों के साथ साथ महिलाओंए बुजुर्ग, बच्चों व शहर के कई मौजिज लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान सभी ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर उनकी महिमा का गुणगान किया और भगवान श्रीराम के भजनों पर नृत्य किया। मौके पर अभियान के नगर संयोजक राजन बजाज ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कथा के दौरान भगवान श्री राम का राजतिलक किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों को आह्वान किया कि 22 जनवरी को हर शहरवासी अपने घर में दीप जलाएं और इस समारोह को दीपावली की तरह मनाए। उन्होंने बताया कि समारोह को लेकर लोगों को काफी उत्साह है। लोग 21 जनवरी को छोटी दीपाववी व 22 जनवरी को बड़ी दिवाली के रूप में मनाएंगे।

कलश यात्रा में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू, सुनील, गौरव, कुश, भूषण, रामधारी, मनीष ओबरॉय, अजय, रोहित, विवेक, संजीव, अशोक नैय्यर, दिवेश व जितेंद्र आदि ने भाग लिया।



यमुनानगर में पूजित अक्षत शोभायात्रा निकालते हुए श्रद्धालु।

### दिवाली की तरह दीप जलाए जाएंगे

*राजतिलक के बाद दिवाली की तरह दीप जलाए जाएंगे। 22 जनवरी को होने वाले श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को लेकर अयोध्या से पूजित अक्षत आए हैं। इन पूजित अक्षत की शोभायात्रा के रूप में नगर परिक्रमा की जा रही है। यह कलश यात्रा शहर के सभी मंदिरों में जा रही है। शहरवासियों द्वारा इसका भव्य स्वागत किया जा रहा है। लोग भगवान श्रीराम के जयकारे लगाकर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे हैं। जो अक्षत अयोध्या से आए हैं उनमें और अक्षत मिलाकर उन्हें श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र, श्री राम मंदिर के फोटो के साथ घर घर वितरित किया जाएगा।*

## ओपीडी में एनएचएम चिकित्सकों ने संभाली व्यवस्था

# सरकारी डॉक्टरों ने मांगें पूरी नहीं होने के विरोध में हड़ताल कर जताया रोष

- एनएचएम के चिकित्सकों ने ओपीडी का संभाला कामकाज
- मांगे पूरी नहीं होने पर 29 दिसंबर को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं ठप करने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन यमुनानगर के राजकीय चिकित्सकों ने बुधवार को अपनी मांगो को लेकर दिन भर ओपीडी बंद रखी। जिससे मरीज परेशान हो गए। मगर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ओपीडी में एनएचएम चिकित्सकों को तैनात कर दिया। जिससे मरीजों को कुछ राहत मिली। हड़ताल पर बैठक जिले भर के करीब 95 चिकित्सको ने दिन भर ओपीडी नहीं की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब भी सरकार ने उनकी मांगे पूरी नहीं की तो वह 29 दिसंबर को सभी स्वास्थ्य सेवाएं ठप कर देंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी। बुधवार सुबह हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रधान विपिन गोंदवाल के नेतृत्व में करीब 95 डॉक्टरों ने हड़ताल शुरु कर दी। जिसकी वजह से सीएचसी, पीएचसी व सरकारी अस्पतालों में मरीज परेशान हो गए। मगर इसी बीच स्वास्थ्य विभाग प्रशासन द्वारा एनएचएम चिकित्सकों को ओपीडी के लिए तैनात कर दिया। जिससे मरीजों ने राहत की सांस ली।

### दो साल से कर रहे संघर्ष

एसोसिएशन के जिला प्रधान विपिन गोंदवाल ने बताया कि वह पिछले दो साल से अपनी मांगो को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की थी। उस समय सरकार ने उनकी मांगो को सही मानते हुए अपनी मौखिक सहमति दी थी। मगर इसे लागू करने के लिए लिखित में कोई सराकीर आदेश जारी नहीं किया गया। जिसकी वजह से उनकी मांगे लंबित पड़ी हैं और डॉक्टरों में रोष है। इसी बात को लेकर आज जिले भर के करीब 95 सरकारी चिकित्सकों ने दिन भर हड़ताल रखी। उन्होंने सरकार से स्पेशलिस्ट केडर लागू करने, वरिष्ठ मेडिकल ऑफिसर की सीधी भर्ती पर रोक लगाने, सर्विस रूल में संशोधन करने व केंद्र के स्तर पर एसीपी वेतन वृद्धि लागू करने की मांग की। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि अब भी सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए उनकी मांगो को पूरा करने पर ध्यान नहीं दिया तो 29 दिसंबर को वह अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर देंगे और सभी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं ठप कर देंगे।





यमुनानगर। जिला नागरिक अस्पताल में हड़ताल में शामिल होते हुए चिकित्सक व ओपीडी में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते एनएचएम चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### हड़ताल के दौरान मरीजों को नहीं आने दी कोई परेशानी

जिला नागरिक अस्पताल की प्रधान चिकित्सक डॉ. दिव्य मंगला ने कहा कि हड़ताल के दौरान मरीजों को परेशानी नहीं आने दी गई है। ओपीडी का काम सुचारू रखने के लिए एनएचएम चिकित्सकों की तैनाती रही।



यमुनानगर। पोस्टमार्टम के दौरान जानकारी देते हुए मृतक के परिजन।

# संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत, मामला दर्ज

- परिजनों ने मृतक को बताया नशे का था आदी
- आशंका जताई गई कि शराब अधिक पीने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की जसंवत कॉलोनी में दोपहर के समय अचानक तबियत बिगड़ने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि वह शराब पीने का आदि था। शायद अधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक के परिजन आदर्श सिंह ने बताया कि उसका रिश्तेदार यशपाल सिंह शराब पीने का आदि था। वह दोपहर के समय अपने बिस्तर पर लेटा हुआ था। इस दौरान उसकी पत्नी संध्या ने उसे उठाने का प्रयास किया। मगर वह उठा नहीं। उसे तुरंत अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मामले में फिलहाल 174 की कार्रवाई अमल में लाई गई है। शव के बिसरे को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर जो कार्रवाई बनेगी की जाएगी।

# गंदगी फैलाने पर 15 दुकानदारों के काटे चालान

- निगम की टीम ने वार्ड 12 में सहारनपुर व शादीपुर रोड पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा जागरूकता फैलाने के बाद भी दुकानदार व लोग खुले में कचरा फैलाने से बाज नहीं आ रहे है। ऐसे में नगर निगम ने भी सख्त रवैया अपनाते हुए इनके खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इस अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में सुबह के वक्त वार्ड 12 में सहारनपुर व शादीपुर खजूरी रोड पर खुले में गंदगी डालने वालों और अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की। अभियान के तहत सुबह के नगर निगम के सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में तहत टीम ने सहारनपुर व शादीपुर मार्ग पर ट्रॉली में भरे लकड़ी के छिलके व अन्य अवशेषों को सड़क पर डाल गंदगी फैलाने पर दो ट्रैक्टर चालकों समेत 15 दुकानदारों के चालान किए और उनसे 31 हजार रुपये चालान राशि वसूली। निगम की टीम खुले में कचरा डाल रहे दुकानदारों से खुद गंदगी साफ कराई। निगम की टीम ने दोनों मागोंर् से अतिक्रमण भी हटाया। वहींए फैक्ट्री संचालकों को लकड़ी के अवशेषों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को बिना ढके फैक्ट्री से बाहर नहीं निकलने के निर्देश दिए। मौके पर सीएसआई सुनील दत्त ने ट्रैक्टर चालकों को समझाया कि लकड़ी की छिलका व अन्य अवशेष पूरी बॉडी वाली ट्रॉली में भरकर व पूरी तरह से ढककर ले जाएं।



यमुनानगर। निगम टीम खुले में कचरा डालने पर दुकानदार का चालान करते हुए।

# समाजसेवा से जुड़े कार्यों को गति प्रदान करने का लिया निर्णय

- समाजसेवी भीम सिंह राठी ने ली अपने समर्थकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

समाजसेवी भीमसिंह राठी ने बुधवार को गांव छोटाबांस में अपने समर्थकों की बैठक ली। बैठक में भीम सिंह राठी ने समर्थकों के साथ मिलकर रादौर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में समाजसेवा से जुड़े कायार्ें को गति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

राठी ने कहा कि उनकी टीम लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने व समाजसेवा के माध्यम से उनकी मदद करेगी। जल्द ही उनकी ओर से जरूरतमंदों को सर्दी से बचने के लिए कंबल व टोपियां वितरित की जाएंगी। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों का सामान भी वितरित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित किया



यमुनानगर। रादौर में बैठक करते समाजसेवी भीम सिंह राठी व अन्य।

# पिंकी देवी बनी कोऑपरेटिव सोसायटी कांजनू की प्रधान

- रोशनी देवी सर्वसम्मति से बनी उपप्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कोऑपरेटिव सोसायटी कांजनू में प्रधान व उप प्रधान पद के लिए बुधवार को चुनाव हुआ। चुनाव में कोऑपरेटिव सोसायटी के 10 में से 9 निवेशकों ने भाग लिया। निवेशकों ने सर्वसम्मति से पिंकी देवी पत्नी नवरत्न कांबोज को सोसायटी का प्रधान व रोशनी देवी पत्नी प्रेमचंद को उप प्रधान नियुक्त किया गया। चुनाव में पीठासीन अधिकारी के तौर पर सुनील कुमार शर्मा, डीओसीबी सतपाल सिंह, प्रबंधक गुरदयाल सिंह ने अपनी सेवाएं प्रदान की। नवनियुक्त प्रधान व उप प्रधान ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कृषक व गैर-कृषक को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करना है।



# उत्कृष्ट कार्य करने पर छह विद्यार्थियों समेत आठ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साहिबजादा सेवा सोसायटी यमुनानगर द्वारा शहर के मॉडल टाउन स्थित सारनी चौक पर आयोजित कीर्तन दरबार में गुरु नानक खालसा कॉलेज ्रके छह विद्यार्थियों व दो संकाय सदस्यों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि उनके कॉलेज के जिन छात्रों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए साहिबजादा सेवा सोसायटी यमुनानगर द्वारा सम्मानित किया गया है, उनमें सिद्धार्थ गौर, राजन, गुरबचन, अभिषेक उप्पल, चमकौर सिंह व गुरसिमरन सिंह शामिल हैं। वहीं, संकाय के दो प्रतिष्ठित सदस्यों डॉ. तिलक राज, प्रो. जसप्रीत सिंह को शिक्षा, खेल और सिख संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग सम्मानित हुए विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के साथ।

# चोरों ने दो सूने घरों में नकदी और आभूषणों पर किया हाथ साफ

*यमुनानगर। शहर में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर सवा दो लाख रुपये की नकदी व सोने तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के सरणी चौक मॉडल टाउन निवासी सौरभ मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर के दो पोरशन बने हुए है। एक पोरशन में उसके ताऊ गुरबचन सिंह तथा एक पोरशन में वह अपने पिता के साथ रहता है। उसके ताऊ कनाड़ा में रहते हैं जबकि उसका पिता उसके बहन से मिलने के लिए अमेरिका गया हुआ था। वह घर पर अकेला था। वह 20 दिसंबर को घर का ताला लगाकर दिल्ली चला गया। दिल्ली से वह जगन्नाथ पुरी चला गया। जब वह वहां से वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से एक लाख रुपये की नकदी, छह तोले सोने के आभूषण तथा उसके ताऊ के घर से 50 हजार रुपये की नकदी तथा चार तोले सोने के आभूषण गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, मॉडल टाउन निवासी पूजा गुलाटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह करीब दो साल पहले चंडीगढ़ शिफ्ट हो गए थे।*

**सत्संग** | जीवन जीने का मार्ग दिखाती है श्रीमद्भागवत गीता : महाराज

# कथाव्यास साक्षी गोपाल दास ने मानव जीवन में बताया धर्म का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इस्कॉन के तत्वावधान में शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित ज्योति रिसोर्ट में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथाव्यास एवं इस्कॉन मंदिर कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल महाराज ने श्रद्धालुओं को मानव जीवन में श्रीमद्भागवत गीता के महत्व को समझाया। कथा में मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम के मेयर मदन चौहान, अशोक नरूला, मीना नरूला व संजय सचदेवा ने दीप प्रज्वलित कर और प्रभु जी को माल्यार्पण करके आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। कथाव्यास साक्षी गोपाल महाराज ने फरमाया कि हमें मनुष्य योनि को पाकर गुरु की शरणागति लेनी चाहिए और गुरु से उत्तम जिज्ञासा करनी चाहिए। मनुष्य योनि मिली ही यह जानने के लिए कि मैं कहां से आया हूं, मैं क्या करने आया हूं और मुझे जाना कहां है। जिसके जीवन में धर्म नही है वह पशु के समान है। भगवान का नाम मिश्री से भी मिठा है। अगर कोई अपने आप में भगवान है वह केवल श्री कृष्ण जी हैं। जो भगवान की कथा सुनता है भगवान नाम का कीर्तन करता है स्मरण करता है वह संसार के भय से मुक्त हो जाता है। जन्म मृत्यु जरा व्याधि के भय से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को बताया कि जो मनुष्य अपने अंत समय में अपना शरीर त्यागते समय मुझे याद करता है उसको मेरा धाम बैकुंठ की प्राप्ति होती है।





यमुनानगर। इस्कॉन द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा को सुनाते हुए कथाव्यास साक्षी गोपाल महाराज व भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 3 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 3 जनवरी 2024 को सायं 4 बजे न्यू लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस मासिक बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के स्थानीय निकाय एवं आवास मंत्री डा. कमल गुप्ता करेंगे। इस मासिक बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों और अधिकारियों को भेज दिया गया है। यह जानकारी उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दी है।

### विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**थानेसर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय 271वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक प्रतिबंधित व दूसरा अप्रतिबन्धित। दोनों प्रकार के ही नशे मनुष्य के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष भारत में 17 लाख लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं।

### गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन से लें प्रेरणा: संदीप

**लाडवा।** लाडवा के संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल में चारों साहिबजादो का शहीदी दिवस पूर्ण आस्था व श्रद्धा से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ शब्दगायन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बाबा जसदीप सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की। अतिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी शहादत देश व धर्म की रक्षा के लिए थी। ऐसी कुबार्नी न किसी ने पहले दी है, ना ही दी जा सकती है।

### यूआईईटी के 6 छात्रों को मिली नौकरी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में जय भारत मारुति प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरु में छह विद्यार्थियों की प्लेसमेंट हुई। चयनित विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने बधाई दी। विवि के डीन इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी और यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुनील ढींगरा ने बताया कि केयू का यूआईईटी संस्थान निरंतर बुलंदियों छू रहा है। बताया कि 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 10 विद्यार्थी पास हुए और सीधे रूप से साक्षात्कार में शामिल होते हुए छह विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की।

### सड़कों पर बेतरकीब खड़े वाहन बिगाड़ रहे शहर की सूरत

# शहर में नहीं है पार्किंग की व्यवस्था,आमजन परेशान

**शहर में पार्किंग के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं होने से खड़ी हो रहीं कई समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

वर्ष 2023 को बीतने मे अब मात्र चार दिन शेष बचे है। मगर इस वर्ष में भी धर्मनगरी में पार्किंग स्थल बनाए जाने की योजना सिरे नही चढ़ सकी। बाजार में कही पर भी पार्किंग स्थल नही है। शहर में पार्किंग के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग स्थल बनाने में प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग व्यवस्था ना होने से दुपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण वाहनों को नो पार्किंग में पार्क करना है। ऐसे में प्रशासन की ओर से शहर में पार्किंग जोन बना दिया जाएं तो यातायात व्यवस्था में सुधार हो सकता है, लेकिन इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जाता है,जिससे दिन भर कई बार सड़कों जाम लग जाता है। यही नहीं नगर परिषद के बाहर भी बेतरीतब ढंग से वाहन खड़े रहने से आए दिन जाम की स्थिति बनाते है। इसके बावजूद कई बार भारी वाहन ट्रेफिक में फंसने से जाम लगता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। रेलवे रोड में तो हालत अत्यधिक गंभीर है। बाजार में दुकानों के आगे दुकानदारों के वाहन तो पार्क रहते ही है। वही रेहड़ी भी खड़ी रहती है। शहर में दर्जनभर से अधिक कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बने हुए हैं। लेकिन किसी में भी पार्किंग की सुविधा नहीं है। एक दो कॉम्पलेक्स में ही पार्किंग व्यवस्था है।



कुरुक्षेत्र। रेलवे रोड़ पर सड़क पर खड़े वाहन। 27केयूके02

### रेलवे रोड पर वाहनों का जमावड़ा

*रेलवे रोड पर जिला डाकखाना सहित 14 बैंकों की मेन शाखाओं, ऑटो मार्केट, तीन होटल, छह ढाबे, पांच रेस्टोरेंट के अलावा अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर आने वाले लोगों के वाहनों से रोड पूरा दिन अटा रहता है। प्रशासन ने सड़क पर पीली पट्टी लगाकर लोगों को वाहन उसके भीतर खड़े करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद भी अधिकतर वाहन इस पट्टी से बाहर खड़े रहते हैं। इस सड़क पर तीन विद्यालय व एक महाविद्यालय भी पड़ता है, जिससे विद्यार्थियों के आवागमन के समय यहां अवैध पार्किंग के चलते स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है। रेलवे रोड पर 14 बैंकों की मुख्य शाखाओं के वर्किंग टाइम सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक स्थिति बेहद खराब रहती है, क्योंकि बैंक में आए कर्मचारियों व उपभोक्ताओं को मजबूरन अपने वाहन बैंक के बाहर सड़क पर ही खड़े करने पड़ते है। इससे की यहां वाहनों का जमावड़ा लग जाता है। कई वाहन तो दिनभर सड़क के बीच में ही खड़े रहते है। शहरवासी यश ने बताया कि रेलवे रोड पर कहीं भी पार्किंग स्थल नहीं है। लोग सड़क के किनारे ही अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। गुरुद्वारा छठी पातशाही से लेकर रेलवे स्टेशन तक वाहन खड़े नजर आते हैं। प्रशासन की तरफ से अगर पार्किंग की सुविधा दी जाए तो सड़क इससे छुटकारा मिल जाएगा।*

### होगी कार्रवाई

ट्रेफिक एसएचओ रामकरण का कहना है कि सड़क पर खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान किया जाएगा। आमजन को अवैध पार्किंग के कारण परेशानी नही होने दी जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से भी अपील की कि है वे भी अपने वाहन पार्किंग में ही खड़ा करे। सड़क के उपर वाहन खड़ा न करे।

# चिकित्सकों की हड़ताल से मरीज बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक बुधवार को हड़ताल पर रहे। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते बुधवार को मरीज बेहाल रहे। अस्पताल में आए मरीजों ने इलाज के लिए निजी अस्पतालों की ओर रूख किया। हड़ताल में शामिल चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में धरना देकर नारेबाजी की। हड़ताल के दौरान एमरजेंसी सेवाएं सुचारू रही। इसके अलावा कुछ विभागों की ओपीडी भी सुचारू रही। बतां दे कि चिक्सिकों ने इससे पहले भी 9 दिसंबर को दो घंटे की हड़ताल रखी थी। जिसमें चिकित्सकों ने 27 दिसंबर को हड़ताल पर जाने का ऐलान भी किया था। इसी के चलते बुधवार को अस्पाल में आने वाले मरीजों की संख्या भी अन्य दिनों की अपेक्षा कम रही। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. प्रदीप नागर ने कहा कि अगर मांगों को लेकर कोई फैसला नहीं होता है, तो 29 दिसंबर को पूरी तरह अस्पताल में ओपीडी बंद रहेगी। आपातकालीन स्थिति में अगर मरीज आता है तो उसका भी चेकअप नहीं किया जाएगा। डा. प्रदीप नागर ने कहा कि मांगों को लेकर सरकार को पहले भी अवगत करवाया जा चुका है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। दो घंटे की हड़ताल पहले भी की जा चुकी है और काले बिल्ले लगाकर रोष भी व्यक्त किया गया है। एसोसिएशन की मांग है कि सरकार एसएमओ के पद पर सीधी भर्ती न करें, चौथी एसीपी का लाभ दिया जाए। सर्विस के दौरान पीजी बाड में छूट दी जाए। डॉक्टरों का अलग से कैडर बनाया जाए। गांव बारना निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी की दवाई लेने के लिए आया था। उसका उपचार जिला नागरिक अस्पताल में ही चल रहा है।




कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल में हड़ताल पर बैठे चिकित्सक। 27केयूके01

# रक्तदान बचाता जरुरमंद की जान: रामाशीष मंडल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता ज्ञान संस्थानम में सात दिवसीय अन्तर्राज्जीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की शुरूआत प्रार्थना, ध्वाजारोहण व योग के साथ हुई। शिविर निदेशक रामाशीष मंडल ने प्रतिभागियों को रक्तदान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हम किसी के आंसुओं को खुशी में बदलकर एक नया जीवन दे सकतें है जो हमारे जीवन की सच्ची सार्थकता है। मंडल ने कहा कि हम सब लोगों का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम निःस्वार्थ भाव से मानव जगत की भलाई के लिए रक्तदान करें ताकि हम लोगों द्वारा दिये गये रक्त से किसी का बहुमूल्य जीवन बचा सकें, क्योंकि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है सिर्फ इंसान ही दूसरे इंसान को रक्त दे सकता है। रिसोर्स पर्सन प्रतीम सिंह, उपनिदेशक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने भारत मे युवाओं की भूमिका के बारे मे प्रतिभागियो को बताया कि भारत का अतीत बहुत ही गौरवशाली रहा है। कहा कि यहां के युवा गौरव से भरे हुए है। रिसोर्स पर्सन नरेश जागलान ने शिविर मे आये हुये प्रतिभागियो को बताया कि मोबाइल के महत्व को ठीक ना समझने के कारण हम अपना बहुत अधिक समय मोबाइेल को देते है। मोबाईल एक लत बन चुका है जिसके कारण विद्यार्थियों को जो समय अध्ययन को देना चाहिए वह समय इस मोबाइल में व्यर्थ करते है। इस अवसर पर संयुक्त शिविर निदेशक, विनीत गाबा, डॉ. पंकज गौड़, मीना कुमारी, अन्जू शर्मा, कृष्ण कक्कड, राजकुमार परेवा, विजय भारद्वाज, अन्जू रानी, सोनिया,पवन कुमार आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। प्रतिभागियों को संबोधित करते शिविर निदेशक रामाशीष मंडल।

# मोदी की नीतियों से हर वर्ग में हर्ष

- अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम : बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को शाहबाद ब्लॉक के गांव दामली व कलसानी में पहुंची। गांवों में पहुंचने पर पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी व ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने सरकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करे। पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने विकसित भारत को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। अपने खंड, जिले और हरियाणा में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर जिले के वार्ड व गांवों में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड की मदद से गरीब व्यक्ति 5 लाख रुपये तक का इलाज अच्छे अस्पतालों में मुफ्त करवा सकते है।



कुरुक्षेत्र। लंगर की सेवा करते एडवोकेट अंकित गुप्ता व अन्य।

# 2047 तक देश को विकसित करने की है मोदी की गारंटी

- भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का पीएम मोदी के साथ सभी लें संकल्प : गुरदयाल सुनहेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

उपमंडल पिहोवा के गांव छैलों तथा सुरमी में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद ने प्रवेश किया। पूर्व चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी ने मुख्यातिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए गुरदयाल सुनहेड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जब तक समाज के गरीब व जरूरतमंद को और लाईन में खडे अंतिम व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचता तब तक वे चैन की नींद नही सोएंगे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। हम सभी को अपनी भागेदारी सुनिश्चित कर उनके इस संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा से भाई भतीजावाद और जातिवाद की राजनीति को खत्म करते हुए हरियाणा एक और हरियाणवी एक का नारा दिया और पूरे प्रदेश का समान रूप से विकास किया। मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश को अपना परिवार मानते है और प्रदेशवासियों की भलाई के लिए तत्पर तैयार रहते हैं। उन्होने कहा कि प्रशासन अपनी सर्विसिज ग्रामीणों के द्वार पर जाकर पंहुचा रही है व उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। गुरदयाल सनहेड़ी ने सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की ग्रामीणों से अपील की। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाकर गांववासियों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और साथ ही राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान/चिरायु कार्ड, वद्धावस्था सम्मान भत्ता में आ रही त्रुटियों को मौके पर ही दूर किया गया ताकि लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर ना लगाने पड़े। इस मौके पर हरियाणा घुमंतु जनजाति बोर्ड के उपाध्यक्ष जय सिंह पाल, पिंकी देवी चेयरमैन ब्लाक समिति, गांव छैलों की सरपंच करमजीत कौर, गांव सुरमी के सरपंच नरेंद्र कुमार, ऋषि पाल, जसविंद्र, सोनू राम सुरमी, मंगत राम, जगदीश सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# शहादत को नमन कर की लंगर सेवा

- शहीदों को याद करने से बढ़ती है देशभक्ति की भावना : एडवोकेट अंकित गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

ऑल इंडिया लॉयरस फौरम के हरियाणा प्रदेश महासचिव व हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अंकित गुप्ता अमर शहीद बाबा मोती राम मेहरा जी एव छोटे साहिबजादों के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और बताया कि सरहिंद के नवाब वजीर खान द्वारा माता गुजर कौर व छोटे साहबजादों को ठंडे बुर्ज में रखा था। किस तरह बाबा मोतीराम मेहरा ने माता गुजरी व छोटे साहबजादों को गर्म दूध पिलाने के जुर्म में शहादत दी थी। गुप्ता ने कहा कि बाबा मोतीलाल मैहरा जी का बलिदान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा जिसे किसी कीमत पर नहीं भुलाया जा सकता। मैहरा कश्यप समाज सभा द्वारा छठी पातशाही गुरुद्वारा के सामने अमर शहीद बाबा मोती राम मेहरा जी एव छोटे साहिबजादों के शहादत दिवस पर आयोजित दूध की सेवा लंगर कार्यक्रम का आयोजन किया जहां एडवोकेट अंकित गुप्ता एवं श्रीकृष्ण श्रद्धा सहयोग समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने मुख्य रूप से शिरकत की।



कुरुक्षेत्र। लंगर की सेवा करते एडवोकेट अंकित गुप्ता व अन्य।



जानकारी देते हुए एचएसजीएमसी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना।

### शहीदों को नमन कर किया 324 यूनिट रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में लगाए गए खूनदान शिविर में शहीदों को नमन कर 324 यूनिट खून देकर संगत ने रिकार्ड कायम किया है। सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों और माता गुजर कौर की शहीदी को समर्पित समागम में श्रद्धा के फूल जिस तरह से संगत ने प्रकट किए, उसके लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने सिख संगत का आभार जताया। अजराना ने कहा कि संगत ने बड़े ही सच्चे मन से अपनी श्रद्धा भावना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि खूनदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि इससे किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। संत-सिपाही, सरबंसदानी, कलगीधर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों के शहादत दिवस पर सरकार द्वारा अवकाश घोषित किए जाने और हरियाणा सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र में समागम करवाने पर कवलजीत सिंह अजराना ने सीएम मनोहर लाल का आभार भी जताया। इस मौके पर मैनेजर जज सिंह, नरेंद्र सिंह गिल, दिलबाग सिंह, तजिंदर सिंह मक्कड, तजिंदरपाल सिंह, हरमीत सिंह, सुखविंदर सिंह, लखविंदर सिंह संधू आदि रहे।

# देश के लिए लड़ना ही सबसे बड़ा समर्पण

- हमें हमेशा धर्म से ऊपर उठकर हक और सच की लड़ाई लड़नी चाहिए : परमिंदर सिंह बाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कौम के महान शहीदों की शहादत को समर्पित छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस पर आगेनाईजेशन फॉर सोशल एंड क्लचरल अवेयरनैस ने रतगल गुरूद्वारा साहिब में किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय सेक्टर-3 द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया। जहाँ गुरुद्वारा साहिब में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता, फायर एंड सेफ्टी कुरुक्षेत्र से कैप्टन गुरमेल सिंह, ओसका के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रपाल पूनिया, पूर्व प्रधान गुरतेज सिंह सेखों, पूर्व उपप्रधान सहदेव रडान, कॉर्डिनेटर राहुल, सूबेदार रविंद्र कौशिक, सरवत का भला से लखविंद्र पाल सिंह ग्रेवाल, अरविंद कुमार, वीरेंद्र रावत मौजूद रहे। गुरबाणी कीर्तन के गायक गुरजोत सिंह, तबला वादक तरनवीर सिंह थे। बच्चों को चार साहिबजादों की एनीमेटेड प्रेरणादायक वीडियो दिखाकर उनके जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने बताया कि आज मातृभूमि, देश और धर्म के लिए अपनी शहादत देने वाले गुरु पुत्रों एवं गुरु माता के प्रति नमन करने, श्रद्धा एवं कृतज्ञता अर्पित करने का दिवस है। कोम के लिए चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह और माता गुजरी ने अपनी शहीदी दी।





### पूर्णिमा वंदन में कुलदेवी माँ लक्ष्मी की आरती की

**लाडवा।** लाडवा शहर की सामाजिक संस्था श्रीअग्रवाल सभा की तरफ से महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गयी। सभा के महासचिव विकास सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा की तरफ से युवा इकाई व महिला इकाई के साथ मिलकर हर माह की पूर्णिमा को पूर्णिमा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की आरती की जाती है जिसके अंतर्गत आज की गई आरती में समाजसेवी दीपक बंसल व समाजसेवी अमित गुप्ता अपने परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए व आरती कर प्रसाद वितरण किया। आरती के पश्चात मुख्य यजमान दीपक बंसल व अमित गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से शहर में सकारात्मक विचारों का प्रचार प्रसार होता है और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति व सभ्यता के बारे में भी ज्ञान होता है इसलिए इस तरह के आयोजन का बीड़ा उठाने के लिए सभा के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ अमृत गर्ग, नीरज गोयल, सुरेंदर गर्ग, सुनील गर्ग, नरेंदर सिंघल, शालू बंसल, रक्षित बंसल, अमित बंसल व अंजलि गोयल आदि रहे।

### मुख्य चिकित्सक ने संभाला कार्यभार

**लाडवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा के चिकित्सक भी बुधवार को हड़ताल पर रहे। अस्पताल में मुख्य चिकित्सक सहित मात्र चार चिकित्सक थे, जिसमें से तीन चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। तीनों चिकित्सकों के हड़ताल पर जाने के बाद मुख्य चिकित्सक डा. कृष्णकांत ने अस्पताल में मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने अस्पताल में आए रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार भी किया। दोपहर तक अस्पताल में करीब 50 रोगी जांच करवाने के लिए पहुंचे थे। डा.कृष्णकांत ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश के चिकित्सक हड़ताल पर थे। लाडवा में भी तीनों चिकित्सक हड़ताल पर रहे।

### केयू व अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटीज के बीच सामुदायिक सहभागिता जरुरी

# तीन देशों के कुलपतियों ने तय किया शिक्षा का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में वैश्विक शैक्षणिक सहयोग के लिए इंडोनेशिया-मलेशिया-थाईलैंड ग्रोथ ट्राइएंगल यूनिवर्सिटी नेटवर्क के सात प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे उसी संदर्भ में विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में केयू तथा आईएमटी-जीटी द्वारा समन्वित यूएनआईएनईटी के सात अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू को व्यवहारिक रूप देने के लिए बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में तीन देशों की सात प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन भाग लेकर एमओयू को व्यवहारिक रूप देने के लिए रोड मैप का सुझाव दिया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी ऑनलाइन उपस्थित सभी सात अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटीज के कुलपति एवं प्रतिनिधियों को स्वागत करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटीज के बीच सामुदायिक सहभागिता, सतत विकास एवं समावेशी विकास की परियोजना को शुरू करने पर जोर दिया। बैठक का समन्वय आईएमटी-जीटी उप-क्षेत्रीय सहयोग केंद्र के निदेशक फिरदौस दहलान द्वारा किया गया। केयू के इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंडो-पैसिफिक स्टडीज के निदेशक प्रोफेसर वीएन अत्री ने बताया कि यूएनआईएनईटी तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बीच द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ उप-क्षेत्रीय स्तर पर सभी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा संयुक्त परियोजना सहित विश्वविद्यालयों के छात्र एवं संकाय विनिमय कार्यक्रम सहित दोहरी डिग्री कार्यक्रम को लेकर भी सहमति दी। बैठक में यूनिवर्सिटास सियाह कुआला, यूनिवर्सिटास लैम्पुंग, यूनिवर्सिटास मैरिटिम राजा अली हाजी, यूनिवर्सिटास सुमाटेरा उतरा, यूनिवर्सिटास जंबी, और यूनिवर्सिटास रियाउ, यूनिवर्सिटी टेक्नोलोजी मारा के प्रतिनिधि बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए।

